उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग- 2

संख्या- 02/2015/1177/9-2-15-2 सीमा विस्तार/13

लखनऊ दिनांक : 21 अगस्त, 2015

अधिसूचना

चूंकि जिला बदायूं में नगर पंचायत, दातागंज के क्षेत्र को लघुत्तर नगरीय क्षेत्र के रूप में घोषित करने और नगर पालिका परिषद, दातागंज का गठन करने के लिये अधिसूचना को जारी करने हेतु आपत्तियॉ और सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से अधिसूचना संख्या- 509 /9-2-15-2 सीमा विस्तार/13, दिनांक- 30 मार्च 2015 को जारी और दिनांक 30 मार्च, 2015 को गजट में प्रकाशित की गयी थी।

और चूंकि कोई भी आपत्ति और सुझाव नियत समय के भीतर नहीं प्राप्त हुई है,

अतएव, अब, नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या -2 सन 1916) की धारा -3 के साथ पठित भारत का संविधान के अनुच्छेद 243-थ के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल जनसंख्या , जनसंख्या की सघनता , स्थानीय प्रशासन के लिये जनहित राजस्व, कृष्णेत्तर कार्यकलापों में सेवायोजन का प्रतिशत और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यह अधिसूचित करते है कि स्थानीय क्षेत्र, जिसकी सीमायें नीचे अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, जिसे उक्त अधिनियम की धारा 3-क की उपधारा (3) के खण्ड (ख) के उपबन्धों के अनुसार जिला बदायूं में नगर पंचायत, दातागंज के रूप में घोषित किया गया है, भारत का संविधान के भाग 9-क के प्रयोजनों के लिये इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से लघुत्तर नगरीय क्षेत्र होगा और उक्त लघुत्तर नगरीय क्षेत्र के लिये एक नगर पालिका परिषद गठित की जायेगी जिसे जिला बदायूं में नगर पालिका परिषद, दातागंज के रूप में जाना जायेगा।

अनुसूची

उत्तर	नगर पालिका परिषद,दातागंज के गाटा संख्या	1,180
पश्चिम		2,3,5,8,16,18,30,32,48,49,51,79,83,84,85,91,1,5,34, 35,37,38,3,46,49,50,51,114,

http://sinsanadesh.up.nic.in

		115,116,117,121,142,143,144,146,147,150,151,157,159,160,161,162,163,164,167,168,169,170
दक्षिण		173,174,200,201,276,279,286,287,288,290,293,298,300,301,302,357 ख,358,361,369
पूर्व		180,181,183,185,188,189,198,199,217,220,276,277,278,279,280,281,282,283,292,317,334,335,567,403,405,406,407,414,569,570,571,572,577,578,580,587,588,592,593,594,595

आज्ञा से,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव

संख्या - 02/2015/1177(1)/9-2-15, तददिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, लखनऊ को सरकारी असाधारण गजट के आगामी अंक के विधायी परिशिष्ट भाग-4 खण्ड-ख में प्रकाशनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि कृपया उक्त अधिसूचना को उपरोक्तानुसार सरकारी गजट में प्रकाशित कराकर इसकी 50 प्रतियॉ नगर विकास अनुभाग -2 को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(बिहारी लाल काने)
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-02/2015/1177(2)/9-2-15, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1- आयुक्त, बरेली मण्डल ,बरेली ।
2- जिलाधिकारी,बंदायूं ।
3- निदेशक,नगरीय निकाय निदेशालय,उत्तर प्रदेश,लखनऊ ।
4- अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद, दातागंज,जनपद बदायूं ।
5- अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, दातागंज,जनपद बदायूं ।
6- नगर विकास अनुभाग-1,उत्तर प्रदेश शासन ।
7- कम्प्यूटर प्रकोष्ठ, नगर विकास विभाग ।
8- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(बिहारी लाल काने)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in